**13,121 करोड़ रुपये निकाले :** विदेशी निवेशकों ने दिसंबर के पहले चार दिनों में ही भारतीय शेयर बाजार से कुल 13,121 करोड़ रुपये (1.46 अरब डॉलर) निकाल लिए जिससे वर्ष 2025 में उनकी कुल निकासी 1.56 लाख करोड़ रुपये (17.8 अरब डॉलर) हो गई है।



| | |
|---|---|
| प्योर गोल्ड बार (9950) | |
| 10 ग्राम | 128000 रु. |
| प्योर गोल्ड बार पोर्शन (9950) | |
| 10 ग्राम | 128650 रु. |
| हॉल मार्क गोल्ड (916) | |
| 10 ग्राम | 122300 रु. |
| सिल्वर (रेडीबार 999) | |
| प्रति कि. ग्राम | 176500 रु. |
| स्रोत : WBBMJA | |

## निफ्टी एक बार फिर 26,000 के स्तर के ऊपर

**मुंबई :** घरेलू शेयर बाजारों में चार दिनों से जारी गिरावट का सिलसिला थम गया। IT और प्रौद्योगिकी शेयरों में खरीदारी आने से सेंसेक्स 158 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी एक बार 26,000 के स्तर के ऊपर पहुंच गया। BSE का सेंसेक्स 158.51 अंक मजबूत होकर 85,265.32 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह 380 अंक से अधिक चढ़कर 85,487.21 तक चला गया था। NSE का निफ्टी 47.75 अंक बढ़कर 26,033.75 अंक पर पहुंच गया। इससे पहले पिछले चार कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स में करीब 613 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की गिरावट आई थी जबकि निफ्टी लगभग 230 अंक यानी 0.8 प्रतिशत टूटा था।

## निर्यात पर PLI शुरू करने का आग्रह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय बजट से पहले सीमलेस ट्यूब मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (STMAI) ने सरकार से अपने उत्पादों के निर्यात के कम से कम 10% के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (PLI) योजना शुरू करने का आग्रह किया है। एसोसिएशन ने कहा कि ऐसे प्रोत्साहन लागू होने से इस क्षेत्र में भारत के निर्यात को तेजी मिलेगी। STMAI ने कहा कि भारतीय विनिर्माता पहले से ही घरेलू जरूरतों के लिए उच्च गुणवत्ता की सीमलेस पाइप बनाते हैं और अब वे विदेशों में नए बाजार भी तलाश कर रहे हैं।

# भारत-रूस व्यापार बढ़ाने पर देंगे जोर

**2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के व्यापार का लक्ष्य**

**नयी दिल्ली :** भारत और रूस के बीच द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने तथा इसे और अधिक संतुलित बनाने की दिशा में काम करने के व्यापक अवसर मौजूद हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता वस्तुएं, खाद्य उत्पाद, मोटर वाहन, ट्रैक्टर, भारी वाणिज्यिक वाहन, स्मार्टफोन जैसे इलेक्ट्रॉनिक, औद्योगिक कल-पुर्जे और वस्त्र भारत से रूस को निर्यात बढ़ाने की क्षमता रखने वाले में क्षेत्रों में शामिल हैं। फिक्की द्वारा आयोजित भारत-रूस व्यापार मंच की बैठक में गोयल ने कहा द्विपक्षीय व्यापार 70 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच रहा है ' लेकिन हम आराम से नहीं बैठ सकते, हमें आगे बढ़ना होगा और संतुलन बनाना होगा।'



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, रूस के राष्ट्रपति के कार्यकारी कार्यालय के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ मक्सिम ओरेश्किन और फिक्की के अध्यक्ष अनंत गोयनका

**व्यापार की स्थिति :** भारत का रूस को निर्यात 2024-25 में 4.9 अरब अमेरिकी डॉलर रहा जबकि आयात 63.8 अरब अमेरिकी डॉलर था। इससे व्यापार घाटा करीब 59 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। दोनों पक्षों ने 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि भारत सेवा क्षेत्र में भी रूस को बड़ी पेशकश कर सकता है।

**रूस के आयात में भारत की हिस्सेदारी :** रूसी संघ के राष्ट्रपति कार्यालय के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ मैक्सिम ओरेश्किन ने बैठक में कहा कि रूस के आयात में भारत की हिस्सेदारी दो प्रतिशत से भी कम है और इसे बढ़ाने की आवश्यकता है।अधिक संतुलित व्यापार के लिए इसे बढ़ाने की आवश्यकता है।भारत छह प्रमुख क्षेत्रों में आपूर्ति बढ़ा सकता है जिनमें कृषि, औषधि, दूरसंचार उपकरण, औद्योगिक कल-पुर्जे एवं मानव संसाधन शामिल हैं। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने प्रक्रियाओं को सरल बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि भारतीय व्यवसाय रूस को निर्यात बढ़ा सकें।

### रूस का सबसे बड़ा बैंक करेगा निवेश

रूस के सबसे बड़े बैंक 'स्बरबैंक और जेएससी फर्स्ट एसेट मैनेजमेंट ने एक नया म्यूचुअल फंड 'फर्स्ट-इंडिया' पेश किया है जो निफ्टी 50 सूचकांक के प्रदर्शन से जुड़े निवेश की पेशकश करता है। इससे रूसी खुदरा निवेशकों को भारत के शेयर बाजार में सीधे निवेश का मौका मिलेगा। स्बरबैंक के CEO हरमन ग्रेफ ने कहा कि बैंक भारत में अपने कारोबार का धीरे-धीरे विस्तार करने की योजना बना रहा है और अगले तीन वर्ष में यहां करीब 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगा।

## सीतारमण ने रूस के प्रथम उपप्रधानमंत्री से की मुलाकात

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को रूस के प्रथम उपप्रधानमंत्री डेनिस मेंटुरोव के नेतृत्व वाले एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की जिसमें निवेश, बैंकिंग और वित्त सहित आपसी हित के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत और रूस दोनों ने पांच दिसंबर, 2025 को होने वाले आगामी 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन से मजबूत परिणामों की उम्मीद जताई है। मंत्रालय ने कहा कि रूस के प्रथम उपप्रधानमंत्री ने ब्रिक्स समूह की आगामी अध्यक्षता के लिए भारत को मजबूत समर्थन दिया। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन बृहस्पतिवार शाम को भारत दौरे पर नयी दिल्ली पहुंचे। वह भारत-रूस शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ शिरकत करेंगे।

## फिच ने GDP वृद्धि अनुमान को बढ़ाकर 7.4% किया

**उपभोक्ता खर्च में वृद्धि और GST सुधारों का असर**

**नयी दिल्ली :** भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) वृद्धि अनुमान को साख निर्धारित करने वाली एजेंसी फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष के लिए 6.9 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.4 प्रतिशत कर दिया। उपभोक्ता खर्च में वृद्धि और GST सुधारों के साथ बेहतर धारणा के कारण अनुमान को बढ़ाया गया है।

**क्या है कारण :** घटती मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) को दिसंबर में नीतिगत दरों में एक और कटौती करके इसे 5.25 प्रतिशत पर लाने गुंजाइश देती है। आरबीआई इस साल अब तक मुख्य नीतिगत दर रेपो में एक प्रतिशत की कटौती कर चुका है।

जुलाई-सितंबर तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (GDP) वृद्धि दर बढ़कर 8.2 प्रतिशत हो गई जो इससे पिछली अप्रैल-जून तिमाही के 7.8 प्रतिशत थी। रेटिंग एजेंसी ने दिसंबर के लिए अपनी वैश्विक आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में कहा, ''वित्त वर्ष 2025-26 (मार्च के अंत तक) की शेष अवधि में वृद्धि धीमी रहेगी, लेकिन हमने पूरे वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि अनुमान को सितंबर के 6.9 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.4 प्रतिशत कर दिया है।

**जीएसटी सुधारों का प्रभाव :** इस वर्ष वृद्धि को मुख्य रूप से निजी उपभोक्ता खर्च गति दे रहा है। इसका कारण मजबूत वास्तविक आय गतिशीलता, उपभोक्ता धारणा में सुधार और हाल ही में लागू किए गए माल एवं सेवा कर (GST) सुधारों का प्रभाव है। जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाये जाने के तहत लगभग 375 वस्तुओं पर कर की दरें कम की गई है। इससे 99 प्रतिशत से अधिक उपभोग की वस्तुएं सस्ती हुई हैं। जीएसटी में संशोधित दरें 22 सितंबर से प्रभावी हुई हैं। फिच को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2026-27 में जीडीपी वृद्धि दर धीमी होकर 6.4 प्रतिशत रहेगी।

# एसेट एलोकेशन : लॉन्ग टर्म वेल्थ के लिए सभी निवेश से बेस्ट पाएं

पिछले 12-14 महीनों में एसेट क्लास ने मिला-जुला प्रदर्शन किया है। सोने और चांदी ने शानदार प्रदर्शन किया है, इक्विटी फ्लैट रहे हैं और फिक्स्ड इनकम के तरीकों ने स्थिर प्रदर्शन दिया है।

घरेलू इंडिकेटर – कॉर्पोरेट कमाई, GDP ग्रोथ, खपत और इंफ्रास्ट्रक्चर खर्च में सुधार, महंगाई और ब्याज दरें ठीक-ठाक हैं। अमेरिकी ट्रेड टैरिफ और सेंट्रल बैंक के कदम मुख्य कारक हैं जिन पर नजर रखनी होगी।

यह देखते हुए कि एसेट क्लास अलग-अलग टाइमफ्रेम में अलग-अलग दिशाओं में आगे बढ़ते हैं, आपके पोर्टफोलियो से सबसे अच्छा रिस्क-एडजस्टेड परफॉर्मेंस पाने के लिए सबसे अच्छा तरीका एक सही एलोकेशन पैटर्न पर चलना है। आर्थिक और कॉर्पोरेट कमाई बढ़ रही होती है तो इक्विटी बेहतर प्रदर्शन करती हैं। सोना महंगाई से बचाव का काम करता है, हालांकि यह हाल के सालों में देखी गई मैक्रोइकॉनॉमिक अनिश्चितता के दौरान भी अच्छा रिटर्न दे सकता है। डेट इन्वेस्टमेंट रेगुलर कैशफ्लो के साथ पोर्टफोलियो में स्टेबिलिटी लाते हैं और उनका परफॉर्मेंस इंटरेस्ट रेट, महंगाई, लिक्विडिटी, क्रेडिट फ्लो वगैरह पर निर्भर करता है। चांदी की चाल इकोनॉमिक एक्टिविटी से ज्यादा जुड़ी होती है क्योंकि यह एक इंडस्ट्रियल मेटल भी है। अब, इक्विटी और सोने की कीमतों में नकारात्मक संबंध है। डेट और इक्विटी में बहुत कम संबंध है, जबकि सोने और डेट में कोई सीधा संबंध नहीं है। सोने को छोड़कर सभी एसेट क्लास के साथ चांदी का सीधा संबंध या तो कम है या नकारात्मक है। ऐसे एसेट जो एक-दूसरे से सीधे संबंधित नहीं हैं या नेगेटिव रूप से संबंधित हैं, उन्हें मिलाकर एक अच्छा डायवर्सिफाइड पोर्टफोलियो बनाया जा सकता है। एक अच्छी तरह से तय एसेट एलोकेशन पैटर्न के अनुसार निवेश करने से यह पक्का होता है कि आप मार्केट की स्थितियों के हिसाब से सही अनुपात में सभी जगहों पर इन्वेस्टेड रहें। साथ ही, एसेट एलोकेशन प्रक्रिया का पालन करने से पोर्टफोलियो में उतार-चढ़ाव कम होता है। हाइब्रिड फंड जो दो या उससे ज्यादा एसेट क्लास में इन्वेस्ट करते हैं,






नम्रता सिंह
अर्थसाधना इन्वेस्टमेंट्स

रिटेल इन्वेस्टर के लिए आदर्श होते हैं। इन स्कीम में आंतरिक मॉडल होते हैं जो सबसे अच्छा एसेट एलोकेशन तय करने के लिए वैल्यूएशन, मैक्रोइकोनॉमिक इंडिकेटर और दूसरे पैरामीटर को ध्यान में रखते हैं। ICICI प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड हर रिस्क प्रोफाइल के लिए एक वर्सेटाइल हाइब्रिड प्रोडक्ट सूट देता है। विकल्प में ज़्यादा रिस्क वाले इक्विटी और डेट फंड से लेकर डायवर्सिफाइड मल्टी-एसेट फंड, वोलैटिलिटी को अपनाने वाला बैलेंस्ड एडवांटेज फंड, स्टेबल इक्विटी सेविंग्स फंड और कंजर्वेटिव रेगुलर सेविंग्स फंड शामिल हैं। इनमें से हर फंड ने अच्छा निवेश अनुभव दिया है।

## RBI आज करेगा मौद्रिक नीति की घोषणा

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) आज द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा में लिए गए निर्णयों की घोषणा करेगा। विशेषज्ञों ने रेपो दर में 0.25% कटौती किए जाने की उम्मीद जताई है। RBI के गवर्नर संजय मल्होत्रा शुक्रवार सुबह MPC की तीन-दिवसीय बैठक में लिए गए फैसलों की घोषणा करेंगे। एमपीसी की बैठक बुधवार को शुरू हुई थी। यह बैठक घटती मुद्रास्फीति, GDP की तेज वृद्धि, डॉलर के मुकाबले रुपये के 90 के पार जाने और मौजूदा भू-राजनीतिक तनावों की पृष्ठभूमि में हो रही है। RBI ने फरवरी से रेपो दर में तीन किस्तों में कुल एक प्रतिशत की कटौती की है। हालांकि पिछली दो बार से रेपो दर को 5.5% पर स्थिर रखा गया है। वृद्धि दर मजबूत बनी हुई है लेकिन खुदरा मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय गिरावट ने प्रमुख अल्पकालिक ऋण दर में कटौती की अतिरिक्त गुंजाइश पैदा कर दी है।

## साइबर सुरक्षा कंपनियों का राजस्व छह अरब डॉलर होने का अनुमान

**नयी दिल्ली :** भारतीय डेटा सुरक्षा परिषद (DSCI) ने कहा कि देश के साइबर सुरक्षा उत्पाद कंपनियों के राजस्व के 2026 तक करीब छह अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। आईटी उद्योग निकाय नैसकॉम की डेटा सुरक्षा इकाई के अनुमान के अनुसार भारतीय साइबर सुरक्षा उत्पाद कंपनियों ने 2025 में 4.46 अरब अमेरिकी डॉलर का राजस्व अर्जित किया है।

**चार गुना वृद्धि :** DSCI के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (CEO) विनायक गोडसे ने 'वार्षिक सूचना सुरक्षा शिखर सम्मेलन' 2025 में कहा, भारत की साइबर सुरक्षा उत्पाद कंपनियों का राजस्व 2026 में अच्छी वृद्धि के लिए तैयार है। 2026 में इसके 5.98 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्ष में इस क्षेत्र में चार गुना वृद्धि हुई है।

गोडसे ने कहा, 2025 में इस खंड में सालाना आधार पर 25 प्रतिशत की वृद्धि होगी। कृत्रिम मेधा (AI) एक महत्वपूर्ण कारक होगा जिसका इस खंड पर प्रभाव पड़ेगा। ...हम अब भी AI के प्रभाव का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। हम यह भी देख रहे हैं कि वर्तमान भू-राजनीतिक परिदृश्य ने बाजार को भारतीय साइबर सुरक्षा कंपनियों के लिए अनुकूल बना दिया है।

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएच/581, दिनांक 03.12.2025; सीनि. डीएसटीई, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: ई-निविदा सं. एसडीएसटीई/टेली/टी/09/25-26/सीएपी, आरआरएसके; कार्य का नाम साथ में उसका स्थान: (i) सियालदह मंडल के बनगांव-बारासात-हासनाबाद-दमदम जंक्शन-राजचंद्रपुर, सियालदह-बालीगंज-सोनारपुर-कैनिंग-बारुईपुर-नामखाना-डायमण्ड हार्बर-बजबज-माझेरहाट अनुभाग में टेलीकॉम गीयरों तता टेलीकॉम केबलों, ओएफसी के प्रतिस्थापन एवं पुनरुद्धार के साथ विश्वसनीयता सुधार कार्य, (ii) निश्चिंदापुर (एनसीपी) स्टेशन में नई इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली द्वारा मौजूदा पैनल इंटरलॉकिंग प्रणाली के प्रतिस्थापन के संबंध में दूरसंचार कार्य। निविदा मूल्य: रु. 3,39,34,148.60; जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षा: रु. 3,19,700; निविदा दस्तावेज की कीमत: शून्य। कार्य समापन अवधि: 12 महीने। निविदा जमा शुरू होने की तारीख: 15.12.2025; निविदा जमा करने की अंतिम तारीख: 29.12.2025 को अपराह्न 2.00 बजे तक। निविदा बोली खुलने की तारीख: 29.12.2025 को अपराह्न 2.30 बजे। विस्तृत विवरण: www.ireps.gov. in पर उपलब्ध है। पात्रता के तकनीकी मानदंड: निविदादाताओं द्वारा पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निविदा आमंत्रित किए जाने वाले माह से पहले महीने के अंतिम दिन तक, नीचे उल्लेखित श्रेणियों में से किसी भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा अथवा काफी हद तक सम्पन्न किया होना चाहिए: (i) समतुल्य प्रकृति के तीन कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (ii) समतुल्य प्रकृति के दो कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (iii) समतुल्य प्रकृति का एक कार्य, जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए। पात्रता के वित्तीय मानदंड: निविदादाता द्वारा बी/एन अथवा 'बी' जो कम हो का न्यूनतम औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार किया होना चाहिए, जहां बी=निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन=कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोली आमंत्रित की गई है। औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना लेखा परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्त वर्षों में "कुल अनुबंधकीय भुगतान" के औसत के रूप में किया जाएगा। हालांकि, पिछले वर्ष के तुलन पत्र के तैयार होना/लेखा परीक्षण होना बाकी रहने की स्थिति में औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जाएगा। निविदादाताओं को जीसीसी 2022 के अनुलग्नक-VIबी (इस निविदा दस्तावेज का प्रपत्र-6) के अनुसार अपेक्षित जानकारी के साथ चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा भलीभांति सत्यापित लेखा परीक्षित तुलनपत्र/लेखा परीक्षित तुलन पत्र के साथ भलीभांति समर्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट से प्रमाणपत्र जमा करना होगा। जमा किए जाने वाले अन्य दस्तावेज: जैसा कि निविदा दस्तावेज में उल्लेखित है। समतुल्य प्रकृति का कार्य: "रेलवे के विभिन्न एप्लीकेशन के लिए एसडीएच/पीडीएच (एसटीएम, एमयूएक्स इत्यादि) उपकरण अथवा आईपीआईएस मदें (टीआईबी, पीए सिस्टम, क्लॉक, सीजीडीबी इत्यादि) अथवा इलेक्ट्रॉनिक/आईपी एक्सचेंज/इंटरकॉम अथवा क्वेड/ओएफसी आधारित नेटवर्किंग की आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं चालू करने युक्त किसी भी रेलवे दूरसंचार कार्य को समतुल्य प्रकृति का कार्य माना जाएगा"। टिप्पणी: निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में यथा उल्लेखित पात्रता के मानदंडों को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज जमा करने होंगे। निविदादाता द्वारा अनुशंसापत्रों के समर्थन में जमा किए गए दस्तावेज/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता अथवा निविदाकारी प्रतिष्ठान के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्वयं सत्यापित/डिजिटली हस्ताक्षर होना चाहिए। स्वयं सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर तथा तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होना चाहिए। (SDAH-284/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**TENDER NOTICE**

The Officer-in-Charge, WBCADC, Kaliyaganj Project, P.O. Baghan, Dist. Uttar Dinajpur invites online e-tender for the **Repairing and renovation of building of Self-Help Groups Residential Training Center, Green House and Chicken Farming House in the office premises of WBCADC, Kaliyaganj Project** vide e-NIT No. 02/2025-26 Dated: 02.12.2025. Tender documents download start date: 05.12.2025. Tender documents download end date: 06.01.2026. Details information, Downloading and Uploading are available from the website **www.wbtenders.gov.in**

Sd/-
**Officer-in-Charge**
**WBCADC, Kaliyaganj Project**

**TENDER NOTICE**

The Officer-in-Charge, WBCADC, Kaliyaganj Project, P.O. Baghan, Dist. Uttar Dinajpur invites online e-tender for the **Construction of Cement Concrete Road on existing BFS Road and New Concrete Road for main entrance of office road from state highway to office of WBCADC Kaliyaganj Project, P.O. Baghan, Dist. Uttar Dinajpur, existing BFS-57 M, New -47 M** vide e-NIT No. 03/2025-26 Dated: 02.12.2025. Tender documents download start date: 08.12.2025. Tender documents download end date: 05.01.2026. Details information, Downloading and Uploading are available from the website **www.wbtenders.gov.in**

Sd/-
**Officer-in-Charge**
**WBCADC, Kaliyaganj Project**

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

ई-निविदा सूचना संख्या: टीआरएस-एसआरसी-ओटी-1750एलपीएम-1847, दिनांक:3.12.2025। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरएस, दक्षिण पूर्व रेलवे, सांतरागाछी निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का विवरण:** डब्ल्यूएपी-4 श्रेणी के इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव में बोर्ड मॉउंटिंग पर प्रत्येक 1750 एलपीएम के 02 अदद लुब्रिकेटेड कम्प्रेसर सहित 180 केवीए एसआईवी/एआरएनओ द्वारा मॉडिफाइड कैब फेड का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹ 46,59,291 (जीएसटी सहित)। **बयाना राशि:** ₹93,200। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **खुलने की तारीख:** 26.12.2025 को अपराह्न 3.30 बजे। **पूरा करने की अवधि:** 24 महीना। **जमा करने की तारीख:** 26.12.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक। निविदा के सम्पूर्ण विवरण, ब्योरा, स्पेसिफिकेशन, संशोधनी तथा अपनी बोलियां जमा करने के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट www.ireps.gov.in अवश्य देखें। (PR-912)

निविदा सूचना सं.: (i)114-ईएलसी-जी-केजीपी-25-26-34, (ii) 114-ईएलसी-जी-केजीपी-25-26-38, दिनांक : 03.12.2025। भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 निम्नलिखित कार्यों के लिए मदों के सामने उल्लिखित तारीख को दोपहर 12:00 बजे से पहले ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **क्रम संख्या:** (i)। **कार्य का विवरण:** 10 वर्षों के व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध सहित एबीएसएस योजना के अधीन 04 अदद एस्केलेटर्स (झाड़ग्राम-जेजीएम-02 अदद तथा घाटशिला-जीटीएस-02 अदद) की आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं शुरुआत। **निविदा मूल्य:** ₹ 4,10,16,918.56। **बोली प्रतिभूति/बयाना राशि:** ₹ 3,55,100। **क्रम संख्या:** (ii)। **कार्य का विवरण:** खड़गपुर- चरण-1 के रूप में वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी)/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन खड़गपुर रेलवे सेटलमेंट एरिया में स्मार्ट एनर्जी मीटर का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹ 22,04,073.60। **बोली प्रतिभूति/बयाना राशि:** ₹ 44,100। **खुलने की तारीख:** 24.12.2025 [क्रम संख्या (i) एवं (ii) प्रत्येक के लिए]। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य [क्रम संख्या (i) एवं (ii) प्रत्येक के लिए]। **पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 12 महीने [क्रम संख्या (i) के लिए] एवं 06 महीने [क्रम संख्या (ii) के लिए]। **जमा करने की तारीख:** 24.12.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक [क्रम संख्या (i) एवं (ii) प्रत्येक के लिए]। निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण, ब्योरा और स्पेसिफिकेशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इन कार्यों के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट www.ireps.gov.in नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-914)



# भारत, रूस का सहयोग किसी के खिलाफ नहीं : पुतिन

**दोनों पक्षों को प्रत्येक बिंदु पर विचार करना पड़ा**

**नयी दिल्ली :** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को कहा कि भारत और रूस का सहयोग किसी भी देश के खिलाफ नहीं है और इसका उद्देश्य सिर्फ दोनों देशों द्वारा अपने-अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना है। पुतिन ने यह टिप्पणी भारत और रूस के प्रति अमेरिका के आक्रामक रुख की पृष्ठभूमि में की है।

रूस के साथ भारत के ऊर्जा संबंधों के संदर्भ में पुतिन ने कहा कि कुछ 'तत्व' रूस के साथ भारत के घनिष्ठ संबंधों के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भारत की बढ़ती भूमिका को नापसंद करते हैं और ये तत्व राजनीतिक कारणों से भारत के प्रभाव को सीमित करने के लिए 'कृत्रिम बाधाएं' खड़ी करने का प्रयास कर रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति ने गुरुवार शाम को एक निजी समाचार चैनल को दिए गए साक्षात्कार में रूस के खिलाफ पश्चिमी प्रतिबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि उनके देश का भारत के साथ ऊर्जा सहयोग काफी हद तक 'अप्रभावित' है।

रूसी राष्ट्रपति ने अमेरिका के आक्रामक रुख पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा, 'कुछ बाहरी दबावों के बावजूद, न तो मैंने और न ही प्रधानमंत्री मोदी ने कभी भी, किसी के खिलाफ काम करने के लिए हमारी साझेदारी का इस्तेमाल नहीं किया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का अपना एजेंडा है, अपने लक्ष्य हैं, जबकि हमारा ध्यान अपने ऊपर है - किसी के खिलाफ नहीं, बल्कि हमारा लक्ष्य अपने-अपने हितों, भारत और रूस के हितों की रक्षा करना है।'

पुतिन ने यह भी कहा कि भारत के साथ अब वैसा व्यवहार नहीं किया जा सकता, जैसा कई दशक पहले किया जाता था। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी आसानी से दबाव में आने वाले व्यक्ति नहीं हैं। भारतीय लोग निश्चित रूप से अपने नेता पर गर्व कर सकते हैं। यह बिल्कुल स्पष्ट है। बिना किसी टकरावपूर्ण स्थिति के उनका रुख दृढ़ और स्पष्ट है। हमारा लक्ष्य संघर्ष भड़काना नहीं है; बल्कि, हमारा लक्ष्य अपने कानूनी अधिकारों की रक्षा करना है। भारत भी यही चाहता है।'

**ट्रंप युद्ध का समाधान चाहते हैं :** यूक्रेन संघर्ष पर पुतिन ने कहा कि उनका मानना है कि अमेरिका इस समस्या का सक्रिय रूप से समाधान ढूंढ रहा है। उन्होंने कहा, 'मुझे पूरा यकीन है और इसमें कोई संदेह नहीं कि वह (ट्रंप) पूरी ईमानदारी से शांतिपूर्ण समाधान चाहते हैं।' पुतिन ने कहा कि ट्रंप वास्तव में शत्रुता को समाप्त कराना चाहते हैं और जान-माल की और हानि को रोकना चाहते हैं।



बीजिंग में ग्रेट हॉल ऑफ़ द पीपल में राजकीय यात्रा के दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों (दाएं) और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग (बाएं)। मैक्रों यहां रूस-यूक्रेन समझौते पर भी चर्चा करेंगे।

## यूरोपीय देशों ने पुतिन पर शांति प्रयासों को लेकर दिखावा करने का आरोप लगाया

**पुतिन को खूनखराबा बंद करके वार्ता के लिए तैयार रहना चाहिए : य्वेट कूपर**

**कीव :** यूक्रेन और उसके यूरोपीय सहयोगियों ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर शांति वार्ता में रुचि दिखाने का दिखावा करने का आरोप लगाया। ब्रिटेन के विदेश मंत्री य्वेट कूपर ने कहा कि पुतिन को दिखावा और खूनखराबा बंद करके वार्ता के लिए तैयार रहना चाहिए और उचित व दीर्घकालिक शांति के प्रयासों का समर्थन करना चाहिए। यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने पुतिन से "दुनिया का समय बर्बाद न करने" की अपील की।

इन प्रतिक्रियाओं से पता चलता है कि युद्ध खत्म करने को लेकर रूस और यूक्रेन व उसके यूरोपीय सहयोगियों के बीच कितनी तनावपूर्ण स्थिति है। इससे एक दिन पहले पुतिन ने यूरोपीय देशों पर अमेरिका के नेतृत्व में जारी शांति प्रयासों पर पानी फेरने का आरोप लगाया था और आगाह किया था कि अगर रूस को उकसाया गया तो वह यूरोप से युद्ध करने के लिए भी तैयार है। साल 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से देशों और अमेरिका ने यूक्रेन के वित्तीय व सैन्य समर्थन के रूप में अरबों डॉलर खर्च किए हैं। हालांकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में अमेरिका ने यूक्रेन को कम समर्थन दिया है। इसके बजाय अमेरिका ने उसपर युद्ध खत्म करने का अधिक दबाव बनाया है। पुतिन के विदेश मामलों के सलाहकार यूरी उशाकोव ने कहा कि मंगलवार रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन में पुतिन और अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ व ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर के बीच वार्ता सकारात्मक रही। हालांकि उन्होंने इस बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी।

## पाक PM-आर्मी चीफ पर बैन लगाओ

- **44 अमेरिकी सांसदों ने विदेश मंत्री को चिट्ठी लिखी, कहा- पाकिस्तान में तानाशाही बढ़ रही**

**वॉशिंगटन डीसी:** अमेरिकी सांसदों ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की है। अमेरिका के 44 सांसदों ने विदेश मंत्री मार्को रुबियो को चिठ्ठी लिखकर उक्त मांग की है। यह चिठ्ठी डेमोक्रेटिक महिला सांसद प्रमिला जयपाल और सांसद ग्रेग कासर के नेतृत्व में लिखी गई है।

आरोप लगाया है कि पाक सेना वहां की सरकार चला रही है। आम लोगों के अधिकारों का बड़े पैमाने पर हनन हो रहा है। विदेश में रह रहे पाक मूल के अमेरिकी नागरिकों को भी सरकार के खिलाफ आवाज उठाने पर धमकियां दी जा रही हैं। पाकिस्तान में तानाशाही बढ़ रही है। पत्रकारों को धमकाया जा रहा है, अगवा किया जा रहा है या देश छोड़ने पर मजबूर किया जा रहा है। हाल में वर्जीनिया के जर्नलिस्ट अहमद नूरानी ने पाक सेना के भ्रष्टाचार की पोल खोली तो पाक में उनके दोनों भाइयों को एक महीने तक अगवा करके रखा गया था।

## अमेरिका में F-16 फाइटर जेट क्रैश, पायलट सुरक्षित

**ट्रोना :** दक्षिणी कैलिफ़ोर्निया के रेगिस्तान में अमेरिकी वायुसेना का F-16 फाइटर जेट दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह लड़ाकू विमान 'थंडरबर्ड्स' दस्ते का था। पायलट ने समझदारी दिखाते हुए हादसे से कुछ सेकेंड पहले विमान से बाहर निकल गया। इस साल यह आठवीं बार है जब F-16 क्रैश हुआ है। सबसे ज्यादा 3 बार यूक्रेन, 2 बार अमेरिका के अलावा यह फाइटर जेट पोलैंड, जापान और साउथ कोरिया में क्रैश कर चुका है। हादसा भारतीय समय के अनुसार देर रात करीब 12:30 घटी।

पायलट का अस्पताल में इलाज चल रहा है। नेलिस एयर फ़ोर्स बेस की ओर से जारी बयान के अनुसार, F-16 कैलिफोर्निया में 'नियंत्रित हवाई क्षेत्र' में प्रशिक्षण मिशन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुआ।



## नाइजीरियाई पर बैन लगाएंगे ट्रंप

**अबूजा (नाइजीरिया) :** नाइजीरिया में ईसाइयों के खिलाफ सामूहिक हत्याओं और हिंसा में शामिल पश्चिम अफ्रीकी देश के नागरिकों और उनके परिवारों के सदस्यों पर अमेरिका वीजा प्रतिबंध लगाएगा। अमेरिकी विदेश विभाग ने बुधवार को कहा कि यह कार्रवाई पश्चिम अफ्रीकी देश में लंबे समय से जारी जटिल सुरक्षा संकट का हिस्सा है। ट्रंप ने हाल ही में नाइजीरिया में 'चरमपंथी इस्लामवादियों' द्वारा 'ईसाइयों की हत्या' का जिक्र किया था।

## खालिदा जिया नाजुक, लंदन जाने की तैयारी

**ढाका :** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की हालत गंभीर बनी हुई है और उनको इलाज के लिए लंदन ले जाने की तैयारी चल रही है। मीडिया खबरों में गुरुवार को यह जानकारी दी गई। लंदन में जिया के बेटे एवं 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान रहते हैं। 23 नवंबर को खालिदा जिया (80) को हृदय और फेफड़ों में संक्रमण की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

**WB HIDCO**

**e-Tender Notice No. 120 of 2025-2026**

e-tender is invited for the work in the manner as described in the detailed e-tender notice available on websites:-wbtenders.gov.in and wbhidcoltd.com & in e-tender portal. Last date of Bid submission on 03.01.2026 upto 02.00 P.M. Details may also be available in the websitewww.wbhidcoltd.com.

**Additional General Manager (Engg)-IV**

झारखण्ड सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना
(प्रथम आमंत्रण)
ई–निविदा सूचना संख्या– (धनबाद) 11/2025-26 तिथि – 03-12-2025

(शुद्धि पत्र)

इस कार्यालय द्वारा विज्ञापित ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना संख्या–11/2025–26 के सभी ग्रुप (PR No-367619 (Drinking Water and Sanitation)25-26*D के द्वारा प्रकाशित शुद्धि पत्र को रद्ध किया जाता हैं।

नोट :– सभी नियम तथा शर्तें पूर्ववत रहेंगें।

(मयंक कुमार भगत)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता यांत्रिक प्रमंडल,धनबाद

PR 367700 Drinking Water and Sanitation(25-26)D